कालिंदी कुंज की तरह एक्वा लाइन पर भी आग का खतरा

ट्रैक के नीचे फर्नीचर मार्केट, मेट्रो स्टेशन के पास लगीं कबाड़ की दुकानें

■ प्रिया शर्मा, नोएडा

दिल्ली में कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के नीचे फर्नीचर मार्केट में शुक्रवार को लगी आग की लपटें मेट्रो ट्रैक तक जा पहुंची थीं। इससे 4 घंटे से ज्यादा देर तक मेट्रो सेवा बाधित रही। कालिंदी कुंज की तरह ही नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो के नीचे भी कई जगह अवैध मार्केट और कबाड़ की दुकानें बनाई जा चुकी हैं। इनमें भड़की चिंगारी किसी भी दिन मेट्रो लाइन को झुलसा सकती है। ये अतिक्रमण हटाने के लिए अब तक एनएमआरसी न ही अथॉरिटी ने कोई ध्यान दिया है।

NBT पड़ताल

एनबीटी टीम ने कुछ मेट्रो स्टेशनों के आसपास की पड़ताल की। एक्वा लाइन की शुरुआत में ही सेक्टर-71 चौराहे के पास फर्नीचर का मार्केट लगा है। यदि कालिंदी कुंज की तरह यहां भी आग लगी तो मेट्रो के ढांचे को नुकसान हो सकता है। सरकारी जमीन पर लग रही इस मार्केट का आकार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

ऐसा ही हाल सेक्टर-78 के पास से गुजर रही एक्वा लाइन के सामने भी है। यहां सेक्टर की ओर मेट्रो स्टेशन के पास ग्रीन बेल्ट में कबाड़ की दुकान बनी है। इसमें बड़ी मात्रा में टायर, गत्ते और प्लास्टिक का सामान भरा है। यहां आग लगते ही दुकान के साथ ही लपटें स्टेशन को भी चपेट में ले सकती हैं।

सेक्टर-78 मेट्रो स्टेशन के सामने कबाड़ की दुकान हो सकती है खतरनाक

- दिल्ली में कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के नीचे फर्नीचर मार्केट में लगी आग ट्रैक तक पहुंची थी
- नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो के नीचे भी कई जगह अवैध मार्केट और कबाड़ की दुकानें बनाई जा चुकी हैं
- सेक्टर-71 चौराहे के पास सरकारी जमीन पर मार्केट का आकार बढ़ता जा रहा है
- सेक्टर-78 के पास मेट्रो स्टेशन के पास ग्रीन बेल्ट में कबाड़ की दुकान बनी है

सेक्टर-71 चौराहे पर मेट्रो ट्रैक के नीचे बन गई फर्नीचर की अवैध मार्केट

“ मैं तत्काल संबंधित वर्क सर्कल इंचार्ज को इसके लिए निर्देश जारी करवाता हूं कि सेक्टर-71 चौराहे के पास निरीक्षण के लिए जाएं। अगर कहीं भी अवैध रूप से एक्वा लाइन के नीचे या मेट्रो स्टेशन के पास कुछ भी ऐसे सामान की ब्रिक्री होती दिखती है, जिससे लोगों को हानि पहुंच सकती है तो उसे तुरंत हटवाया जाएगा।

– केके अग्रवाल, महाप्रबंधक, नोएडा अथॉरिटी

“ कालिंदी कुंज जैसी घटना नोएडा में न हो, इसके लिए नोएडा अथॉरिटी से बात कर योजना बनाई जाएगी। मेट्रो परिसर में आग से बचाव के सभी इंतजाम दुरुस्त हैं। *-संध्या शर्मा, पीआरओ, एनएमआरसी*

एनएमआरसी ने अथॉरिटी पर डाली जिम्मेदारी

एनटीबी टीम ने मेट्रो स्टेशनों की पड़ताल के बाद अधिकारियों से बात की तो एनएमआरसी अफसरों ने कहा कि अपने परिसर में व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। उससे बाहर अतिक्रमण हटाने का जिम्मा अथॉरिटी का है। सोमवार को इस बारे में अथॉरिटी को पत्र लिखा जाएगा। वहीं, अथॉरिटी अफसरों ने दावा किया कि अतिक्रमण रोधी अभियान में अब इन जगहों को भी टारगेट किया जाएगा और जल्द ही यहां से अवैध कब्जा हटा दिया जाएगा।